छत्तीसगढ़ भू–संपदा विनियामक प्राधिकरण रायपुर

आदेश पत्रिका

क्रमांक – प्रकरण क्रमांक– **M-PRO-2026-03511**

आवेदक : रेसीडेन्ट्स ऑफ आई.एन.ए. आकृति, पता–लालपुर, जिला–रायपुर (छ.ग.) विरूद्ध
(1) आई.एन.ए. रियाल्टी एण्ड इन्फ्रा प्रोजेक्ट्स प्रा.लि. द्वारा–डायरेक्टर श्री रंजन प्रताप सिंह, पता–ए / 301, विनित एस्टेट, शंकर नगर, जिला–रायपुर (छ.ग.)
(2) श्री विक्रम बांठिया एवं श्री विजय बांठिया, पता–विमल प्रिंटर्स, नेस्ट टू नवकार ज्वेलर्स रोड, बूढ़ापारा, जिला–रायपुर (छ.ग.)

प्रोजेक्ट – ''आई.एन.ए. आकृति'', पता–टिकरापारा, जिला–रायपुर (छ.ग.)

आदेश कार्यवाही की तारीख व स्थान	आदेश अथवा कार्यवाही	पक्षकार अथवा प्रतिनिधि के हस्ताक्षर
11/05/2026	– प्रकरण प्रस्तुत। – आवेदक की ओर से अधिवक्ता सृजन शुक्ला उपस्थित। – अनावेदक क्रमांक–01 की ओर से कोई उपस्थित नहीं। – अनावेदक क्रमांक–02 की ओर से अधिवक्ता सुश्री उमंग जैन उपस्थित। प्राधिकरण द्वारा आवेदक से पृच्छा की गई कि अधिनियम के प्रावधानों के अधीन प्रस्तुत आवेदन, प्राधिकरण के समक्ष किस प्रकार विचारणीय एवंविचारण क्षेत्राधिकाराधीन है। इस पर आवेदक द्वारा कथन किया गया कि आवेदन रहवासियों द्वारा किया गया है तथा उनके द्वारा रहवासियों का विधि के अधीन पंजीकरण की प्रक्रिया लंबित है, जिसमें समय लगने की सम्भावना है, इसलिए प्रत्यासा में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया। धारा 31 का उद्धरण निम्नानुसार है। ''कोई व्यथित व्यक्ति, यथास्थिति, किसी संप्रवर्तक, आबंटिती या भू–संपदा अभिकर्ता के विरूद्ध अधिनियम या उसके अधीन बनाए गए नियमों या विनियमों के उपबंधों के किसी अतिक्रमण या उल्लंघन के लिए, यथास्थिति, प्राधिकरण या न्याय निर्णायक अधिकारी के पास परिवाद फाइल कर सकेगा।'' उक्त स्पष्टीकरण–'व्यक्ति' के अंतर्गत आबंटियों का संगम, या तत्समय प्रवृत्त किसी विधि के अधीन रजिस्ट्रीकृत कोई	

छत्तीसगढ़ भू–संपदा विनियामक प्राधिकरण रायपुर

आदेश पत्रिका

क्रमांक – प्रकरण क्रमांक– **M-PRO-2026-03511**

आवेदक : रेसीडेन्ट्स ऑफ आई.एन.ए. आकृति, पता–लालपुर, जिला–रायपुर (छ.ग.) विरूद्ध
(1) आई.एन.ए. रियाल्टी एण्ड इन्फ्रा प्रोजेक्ट्स प्रा.लि. द्वारा–डायरेक्टर श्री रंजन प्रताप सिंह, पता–ए/301, विनित एस्टेट, शंकर नगर, जिला–रायपुर (छ.ग.)
(2) श्री विक्रम बांठिया एवं श्री विजय बांठिया, पता–विमल प्रिंटर्स, नेस्ट टू नवकार ज्वेलर्स रोड, बूढ़ापारा, जिला–रायपुर (छ.ग.)

प्रोजेक्ट – ''आई.एन.ए. आकृति'', पता–टिकरापारा, जिला–रायपुर (छ.ग.)

आदेश कार्यवाही की तारीख व स्थान	आदेश अथवा कार्यवाही	पक्षकार अथवा प्रतिनिधि के हस्ताक्षर
	स्वैच्छिक उपभोक्ता संगम भी है। उल्लेखित है जिसमें प्रचलित विधि के अधीन रजिस्ट्रीकृत संगम को उल्लेख है, किन्तु आवेदक का संगम अभी प्रक्रिया अधीन है, अभी रजिस्ट्रेशन नहीं हुआ है। अतः धारा 31 के अधीन इन्हें आवेदन प्रस्तुत करने की पात्रता नहीं है और प्राधिकरण का विचारण क्षेत्राधिकार नहीं है। अस्तु आवेदन निरस्त किया जाता है। सही/– (धनंजय देवांगन) सदस्य सही/– (संजय शुक्ला) अध्यक्ष	